



नवभारत
सतना, शनिवार 8 नवम्बर, 2025




## यूपी से इनोवा कार में 105 किलो गांजा लेकर रीवा पहुंचा तस्कर गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 7 नवम्बर, जिले में अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ चलाए जा रहे आपरेशन प्रहार 2.0 के तहत कार्यवाही की जा रही है. चोरहटा पुलिस ने एक गांजा तस्कर को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है. इनोवा कार से 105 किलो गांजा बरामद किया गया है. जिसकी कीमत लगभग 21 लाख आकी गई है.**

आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया. आरोपी यूपी मिर्जापुर से गांजे की खेप लेकर रीवा एवं आसपास बिक्री के लिये पहुंचा था. पुलिस को रात में ही जानकारी मिल गई थी, जिसके बाद पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह अवगत कराया गया और आरोपी को गांजे के साथ घेराबंदी कर पकड़ने की योजना बनाई गई. तड़के चार बजे देवरा बाईपास में आरोपी गांजे के साथ पकड़ा गया. आरोपी से पूंछताछ के दौरान कई अहम जानकारी मिली है. थाना प्रभारी आशीष मिश्रा ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि गांजा के खेप पहुंच रही है. थाना चोरहटा पुलिस द्वारा ग्राम देवरा बाईपास रोड में एक सफेद रंग की इनोवा कार के अंदर अवैध रूप से गाँजा का परिवहन करने की जानकारी मिलते ही कार का पीछा किया गया. घेराबंदी कर आरोपी अखिलेश सिंह पटेल पप्पू निवासी ग्राम बीड़ा थाना सेमरिया के कब्जे से कुल 105 किलो 980 ग्राम गांजा जप्त करते हुए बड़ी सफलता प्राप्त की है. जिसकी कुल कीमती 21 लाख 20 हज़ार है जिसको जप्त कर एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया है.

# वंदे मातरम राष्ट्रगीत के 150 वर्ष, उप मुख्यमंत्री सहित सभी ने मधुर स्वर में किया गायन

### वंदे मातरम हमारी संस्कृति और राष्ट्र भक्ति का प्रतीक है : राजेन्द्र शुक्ल, जिले भर में आयोजित हुए सामूहिक गायन




**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 7 नवम्बर, पूरे देश के साथ-साथ रीवा में भी वंदे मातरम राष्ट्रगीत की 150वीं स्मरण उत्सव मनाया गया. कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया. समारोह में सामूहिक रूप से वंदे मातरम गीत का गायन किया गया.**

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मधुर स्वर में वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत के सभी अंतरे मधुर स्वर में गए. उप मुख्यमंत्री के स्वर में झलकी देशभक्ति और उल्लास ने उपस्थित जनसमूह को भाव विभोर कर दिया. समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वंदे मातरम दिवस के उद्बोधन का सजीव प्रसारण दिखाया गया. इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं बल्कि हमारी आत्मा, संस्कृति और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है. हर भारतीय इस गीत के अर्थ और भाव को अपने जीवन में आत्मसात करे. बंकिमचंद्र चटर्जी ने आज से 150 साल पहले वंदे मातरम गीत की रचना की.

यह गीत उनके द्वारा सन्यासी विद्रोह की पृष्ठभूमि में रचे गए आनंदमठ उपन्यास में शामिल है. स्वाधीनता संग्राम में यह गीत आजादी के संघर्ष का प्रतीक बनकर उभरा. हसते-हसते फांसी के फंदे पर चढ़ने वाले क्रांतिकारियों के होठो पर अंतिम शब्द वन्दे मातरम ही होता था. यह गीत हमें अपने परंपरा, इतिहास और सांस्कृतिक धरोहर की याद दिलाते हुए देश के विकास में योगदान के लिए प्रेरित करता है. भारत को विश्वगुरू बनाना है तो हमें वंदे मातरम की मूल आत्मा के अनुरूप आर्थिक विकास के साथ-साथ सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विकास भी करना होगा. समारोह में पीके संदीपनि विद्यालय की छात्राओं ने वंदे मातरम तथा मध्यप्रदेश गान प्रस्तुत किया. समारोह पुलिस बैण्ड ने आकर्षक धुन बजाई. समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, कमिश्नर बीएस जामोद, आईजी गौरव राजपूत, डीआईजी हेमंत चौहान, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, एसपी शैलेन्द्र सिंह मौजूद रहे.

### पद्मधर पार्क में वन्देमातरम का गायन

राष्ट्रगीत वन्देमातरम की 150वीं वर्षगाँठ के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला रीवा द्वारा शहर के एतिहासिक शहीद लाल पदमधर सिंह पार्क मे वन्देमातरम स्मरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ. जिसमे वन्देमातरम का पूर्ण गायन हुआ और आत्मनिर्भर भारत का संकल्प लिया गया. कार्यक्रम में सजीव भारत माता लोगों के आकर्षण का केन्द्र रहा. इस दौरान छात्र भी गायन में शामिल हुए. कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार गुप्त, सांसद जनार्दन मिश्रा, पूर्व विधायक पंन्चूलाल प्रजापति, के पी त्रिपाठी सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.

### मऊगंज में सामूहिक वंदे मातरम का हुआ गायन

राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150वें वर्षगांठ पर वर्ष भर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में मऊगंज जिला मुख्यालय में सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन हुआ. कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विधायक मऊगंज श्री प्रदीप पटेल ने कहा कि संघर्षों की लंबी लड़ाई के बाद हमें आजादी मिली और आजादी के बाद राष्ट्रगान के साथ ही राष्ट्रगीत वंदे मातरम को देश में स्वीकार किया गया. कार्यक्रम में कलेक्टर संजय कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी, अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय आद मौजूद रहे.

### मैराथन दौड़ में शामिल हुए पुलिस अधिकारी

राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार शुक्रवार को जिला रीवा में मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया. मैराथन का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान के नेतृत्व में किया गया. इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर एवं देहात) सहित पुलिस के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, पुलिस बल के खिलाड़ी, जवान, पुलिस प्रशिक्षण शाला के अधिकारी-कर्मचारी, एवं विशेष शसस्त्र बल 9वीं बटालियन के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे. 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ मनाई तथा मैराथन को सफल बनाया. मैराथन के समापन पर राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' का सामूहिक गायन किया गया. साथ ही विशेष शसस्त्रबल 9वीं बटालियन की बैंड टुकड़ी द्वारा देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी गई.




### संक्षिप्त

#### प्रदेश युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष बनीं योगिता सिंह




**रीवा,** युवा कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष योगिता सिंह बनी है, प्रदेश भर में इस पद के लिए 18 उम्मीदवार मैदान में थे, जिनमें सयोगिता सिंह ने छठा स्थान प्राप्त किया. उन्होने 5 महिला उम्मीदवारों में से सबसे अधिक मतों से जीत दर्ज की है. यह पहला अवसर है जब विंध्य क्षेत्र से किसी बेटी को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है. ज्ञात हो कि सुश्री सिंह ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत वर्ष 2017 में टी.आर.एस. महाविद्यालय रीवा के छात्रसंघ चुनाव से की थी. छात्र राजनीति के दिनों से ही उन्होंने युवाओं, छात्रों और महिलाओं की समस्याओं को मुखरता से उठाया. विंध्य क्षेत्र में युवा कांग्रेस महिला विंग से भी उन्होंने सबसे अधिक मतों से विजय प्राप्त कर संगठन में नई ऊर्जा का संचार किया था. योगिता सिंह ने राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब का आभार व्यक्त किया है.

#### उपाध्यक्ष बने अमित और सिरमौर अध्यक्ष बने अविनिश

**रीवा,** मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के संगठन चुनाव का परिणाम आया. जिसमें







जिला उपाध्यक्ष युवा कॉग्रेस रीवा के पद पर अमित सिंह जवा निर्वाचित हुए. विधानसभा सिरमौर के अध्यक्ष पद पर अविनिश सिंह गहरवार जवा विजयी हुए. ब्लॉक अध्यक्ष युवा कॉग्रेस ब्लॉक जवा के पद पर पुष्पेंद्र विश्वकर्मा, डभौरा ब्लॉक अध्यक्ष पद पर अमर सिंह बघेल सोनू टिकरी एवं सिरमौर ब्लॉक अध्यक्ष पद पर शुभम सोनी विजयी हुए. विदित हो की ये सभी अध्यक्ष गण अपने युवा कॉग्रेस नेता, जिला युवा कॉग्रेस के नव निर्वाचित उपाध्यक्ष अमित चक्रधर सिंह जवा, सरपंच सितलहा एवं अध्यक्ष सरपंच संघ जनपद पंचायत जवा के मार्गदर्शन में लड़े और विजयी हुए. निर्वाचित सिरमौर विधानसभा क्षेत्र के सभी अध्यक्षों ने अपनी जीत पर युवा नेता अमित चक्रधर सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि युवाओं की आवाज बुलंद की जायेगी. उनके अधिकारो की लड़ाई लड़ेगे.

#### कार्यशाला आज

**रीवा,** मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम के तत्वाधान में 8 नवम्बर को दोपहर 12 बजे से इको पार्क रीवा में एक जिला एक उत्पाद एवं निर्यात प्रोत्साहन कार्यशाला का आयोजन किया गया है. कार्यशाला में उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे. इस अवसर पर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर बांस आधारित उद्यमिता को पहचान दिलाने वाली असम की प्रसिद्ध बांस लेडी नीरमोनी शर्मा भी उपस्थित रहेंगी. कार्यकारी संचालक एमपीआईडीसी यूके तिवारी ने बताया कि कार्यशाला में लोकल से ग्लोवल की दिशा में कला, कृषि, प्राकृति और परंपरा को वैश्विक व्यापार की गति से जोड़े जाने के उद्देश्य से आत्मनिर्भरता, उद्यमिता और ग्रामीण अर्थ व्यवस्था को नई दिशा मिलेगी. इच्छुक प्रतिभागी भाग ले सकते हैं.

#### गौरव दिवस का आयोजन 15 को

**रीवा,** धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती के समापन वर्ष पर आगामी 15 नवम्बर को गौरव दिवस का आयोजन किया जायेगा. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जानकारी दी कि कोल भवन चिरहुला कॉलोनी में गौरव दिवस पर जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मानित करने तथा उनके योगदान को याद करने सहित जनजातीय क्षेत्रों में सामाजिक, आर्थिक विकास को पुर्नजीवित करने के उद्देश्य से रथ यात्रा का समापन होगा. कार्यक्रम की व्यवस्था के लिए श्रीमती रूचि तिवारी, क्षेत्र संयोजक को नोडल अधिकारी बनाया गया है. कार्यक्रम में सहयोग के लिए अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गयी है.

## केन्द्रीय जेल में राष्ट्रगीत वन्दे मातरम का किया गया गयान

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 7 नवम्बर, राष्ट्रगीत वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में केन्द्रीय जेल रीवा में सामूहिक रूप से वन्दे मातरम का संपूर्ण गायन किया गया. केन्द्रीय जेल में कार्यरत सभी अधिकारियों, कर्मचारियों तथा परिरूद्ध बंदियों द्वारा वन्दे मातरम का गायन किया गया.**

वन्दे मातरम गायन को भव्य स्वरूप प्रदान करने में जेल बैण्ड की सहभागिता रही. राष्ट्रगीत वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जेल अधीक्षक सतीश कुमार उपाध्याय द्वारा वन्दे मातरम के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व तथा भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में इस गीत की भूमिका के संबंध में बताया गया.

कार्यक्रम में संजीव कुमार गेंदले, योगेन्द्र पमार, श्रीमती पूजा मिश्रा, हेमंत रावत सहित जेल में पदस्थ समस्त स्टाफ की सहभागिता रही.

## आरडीएसएस योजना सहित विद्युत कार्यों की गुढ़ विधायक ने की समीक्षा

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 7 नवम्बर, गुढ़ क्षेत्र की विद्युत समस्या एवं आरडीएसएस योजना के कार्यो की समीक्षा गुढ़ विधायक नागेन्द्र सिंह ने की.**



इस दौरान उन्होने खराब केवल और जले हुए ट्रांसफार्मर बदलने के निर्देश दिये. साथ ही आरडीएसएस के कार्यो में तेजी लाने के लिये कहा है. गुढ़ विधायक नागेन्द्र सिंह को आरडीएसएस के कार्य की प्रगति से विभागीय अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया. विधायक श्री सिंह ने कहा कि आरडीएसएस योजना के विभिन्न स्थानों पर किए जाने वाले कार्यों, खराब केवल बदलने हेतु पत्र भी दिए गए हैं. जिसमें कार्यवाही कर समस्याओं की निराकरण हेतु बोला गया. आरडीएसएस कार्यों में गति लाने हेतु विधायक ने अशोक कंपनी को समय पर कार्य पूरा करने हेतु निर्देशित किया गया ताकि समय से क्षेत्र की जनता को इसका लाभ मिल सके. पूर्व संभाग के डीई सुशील कुमार यादव ने विधायक को आयोजित कैंपों में बिल सुधार, रवि सीजन में फेल ट्रांसफार्मर बदलने एवं आरडीएसएस के तहत किए जाने वाले कार्य, सरचार्ज माफी की समाधान योजना के संबंध और विभागीय कार्यों से अवगत कराया गया. इस अवसर सहायक अभियंता अंशुल नारायण एवं एम एम पांडे, जेई रायपुर कल्चुरीयान शंकर जयकिशन एवं सौम्या नायक मौजूद रहे.

## संयुक्त संचालक शिक्षा ने 31 प्राचार्यों को थमाया नोटिस

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 7 नवम्बर, वर्ष 2025-26 के पात्र छात्र-छात्राओं की प्रोफाइल अपडेशन एवं छात्रवृत्ति स्वीकृत की कार्यवाही शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिये गये थे. 29 अक्टूबर तक कार्यवाही पूरी करने थी. लेकिन बार-बार निर्देश के बावजूद कार्यवाही नही हुई.**

लिहाजा संयुक्त संचालक लोक शिक्षण रीवा संभाग ने 31 संकुल प्राचार्यो को कारण बताओ नोटिस जारी कर एक सप्ताह के अंदर जवाब मांगा है.

लोक शिक्षण संचनालय भोपाल द्वारा छात्र-छात्राओं की प्रोफाइल अपडेशन एवं छात्रवृत्ति स्वीकृत की कार्यवाही 29 अक्टूबर तक पूर्ण करने के निर्देश दिये गये थे, लेकिन नही हुआ. जेडी ने संकुल प्राचार्य शास. उ.मा.वि हर्दी कपसा, शा. उ.मा.वि निपनिया, शा. उ.मा.वि क्रमांक 1 विकासखण्ड रीवा, शा. उ.मा.वि क्रमांक दो, शा. उ.मा.वि बरौला जवा, शा. उ.मा.वि मार्तण्ड क्र. 2, शा. उ.मा.वि मार्तण्ड क्र. 3, शा. उ.मा.वि सितलहा, शा. उ.मा.वि कन्या सिरमौर, शा. उ.मा.वि पनवार, शा. उ.मा.वि गढ़ी, शा. उ.मा.वि कन्या एसके रीवा, शा. उ.मा.वि तिलखन, शा. उ.मा.वि कन्या चाकघाट, शा. उ.मा.वि कन्या त्योंथर, शा. उ.मा.वि बालक सेमरिया, शा. उ.मा.वि रगौली, शा. उ.मा.वि कोरांव, शा. उ.मा.वि जोरौट, शा. उ.मा.वि बड़ी हर्दी, शा. उ.मा.वि सीएम राइज कन्या पीके, शा. उ.मा.वि माडौ, शा. उ.मा.वि सीएम राइज उत्कृष्ट मऊगंज, शा. उ.मा.वि कन्या मऊगंज, शा. उ.मा.वि फरहदा, शा. उ.मा.वि पुष्पराज खुटहा, खर्रा, शा. उ.मा.वि नईगढ़ी, शा. उ.मा.वि रतनगवां, शा. उ.मा.वि कन्या देवतालाब, शा. उ.मा.वि पहाड़ी संयुक्त प्राचार्य को नोटिस देकर जवाब एक सप्ताह के अंदर मांगा है.

## नि:शुल्क फाइब्रोस्कैन शिविर आज रीवा में

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 7 नवम्बर, जिले के नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य पहल के तहत अब लीवर संबंधी बीमारियों की नि:शुल्क जाँच की सुविधा उनके घर के करीब उपलब्ध होगी.**

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल की विशेष पहल तथा कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के मार्गदर्शन में जिले भर में चार दिवसीय नि:शुल्क फाइब्रोस्कैन शिविर का आयोजन किया जा रहा है. शिविर जिले के विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और जिला अस्पताल में आयोजित किए जा रहे हैं. इन शिविरों के माध्यम से आम जनता को लीवर की कठोरता और वसा की मात्रा की जाँच की अत्याधुनिक सुविधा नि:शुल्क मिल सकेगी.

8 नवंबर को जिला अस्पताल रीवा में आयोजित शिविर में नगर निगम क्षेत्र रीवा, रायपुर कर्चुलियान, गंगेव और गोविंदगढ़ ब्लॉक के नागरिक इसका लाभ उठा सकेंगे.

## भागवत गीता से कर्तव्य, आत्मज्ञान और भक्ति के मार्ग पर चलने की सीख मिलती है : शुक्ल

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 7 नवम्बर, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि भगवत गीता मानव जीवन का सर्वोच्च मार्गदर्शक ग्रंथ है जिसके माध्यम से कर्तव्य, आत्मज्ञान, समत्व और भक्ति के मार्ग पर चलने की सीख मिलती है.**



भगवत गीता संपूर्ण जीवन दर्शन है. कर्म, भक्ति व संन्यास योग को समेटे यह ग्रंथ आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना हजारों वर्ष पूर्व था. उप मुख्यमंत्री अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में भगवत गीता का जीवन बोध विषय पर आधारित विचार संगोष्ठी में शामिल हुए. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे शास्त्रों व पुराणों में जीवन बोध की व्याख्या है इन्हें अपने जीवन में उतारने से आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त होता है. उन्होंने कहा कि गीता हमे दिशा दिखाती है. अपनी संस्कृति व विरासत से जुड़कर ही विकास को वरदान बनाया जा सकता है. श्री शुक्ल ने कहा कि गीता में कहा गया है कि जो समाज के लिये नुकसान दायक हो उसे सजा देना आवश्यक है. कार्यक्रम में सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि गलत कार्य करने व दुराग्रह को पाल लेने से ही जीवन उन्नति की तरफ जाता है. नागरिक कर्तव्य बोध यह है कि गलत कार्य न करें व गलत कार्य न करने दें. कर्तव्य बोध ही गीता का ज्ञान है. संगोष्ठी के मुख्यवक्ता गुजरात साहित्य परिषद के अध्यक्ष भागेश झा ने कहा कि भगवत गीता भारत के चिंतन का सार व सर्वस्व है. यह जीवन ग्रंथ है जो हर समय में प्रासंगिक है. भगवत गीता युद्ध शास्त्र के साथ-साथ जीवन जीना सिखाती है अच्छे व्यक्तियों के साथ रहने की सीख इससे मिलती है. उन्होंने कहा कि कर्म, ज्ञान व भक्ति का समन्वय गीता में है. इससे यह सीख मिलती है कि संघर्ष के समय भी प्रसन्न रहना चाहिए तभी भगवान आपके साथ रहेंगे. कुलपति सरदार बल्लभ भाई पटेल विश्वविद्यालय आणंद प्रो. निरंजन पी पटेल ने कहा कि विकसित भारत का स्वप्न युवा अपनी खुली आंखों से देख सकेंगे. कुलगुरू प्रो. राजेन्द्र कुमार कुड़रिया ने कहा कि जीवन बोध व गीता सार को जीवन में उतारें. आभार प्रदर्शन कुल सचिव सुरेन्द्र सिंह परिहार ने किया. इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल सहित प्रबुद्धजन, शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे.

## यूपी से नशीली कफ सिरप लेकर पहुंचा आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 7 नवम्बर, आपरेशन प्रहार 2.0 के तहत चोरहटा पुलिस ने नशीली कफ सिरप के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. आरोपी कार से नशीली कफ सिरप की सप्लाई करने रीवा पहुंचा था, जिसे पुलिस ने धरदबोचा.**

आरोपी के पास से 557 शीशी नशीली कफ सिरप जप्त की गई है. जिसकी कीमत 1 लाख 12 हजार आकी गई है. आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है.

थाना चोरहटा प्रभारी आशीष मिश्रा ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि नशीली कफ सिरप लेकर एक व्यक्ति पहुंचा है. सूचना पर पुलिस द्वारा ग्राम खैरी बस्ती रेल्वे लाइन के पास एक सफेद रंग की मारुती जेन कार के अंदर अवैध रूप से नशीली कफ सिरप लोडकर ग्राहक का इन्तजार करने की जानकारी मिलते ही दबीश दी जाकर आरोपी राजेश कुमार मिश्रा उर्फ मिट्ठू पिता स्व. सियाशंकर मिश्रा उम्र 46 वर्ष निवासी ग्राम अतरैजी सन्सारपुर थाना कोराव जिला प्रयागराज (उ.प्र.) के कब्जे से कुल 557 नग ऑनरेक्स कफ सिरप जप्त की गई. जिसकी कुल कीमती 1 लाख 12 हज़ार 235 रुपये है जिसको जप्त कर एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है. आरोपी रीवा में ही नशीली कफ सिरप बेचने के लिये पहुंचा था. फिलहाल आरोपी से पूंछताछ की जा रही है.

## रीवा में हैप्पी स्ट्रीट का आयोजन शहरवासियों में भरेगा उमंग

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 7 नवम्बर, नगर निगम रीवा द्वारा कल 09 नवंबर को रविवार की सुबह अटल पार्क में ''हैप्पी स्ट्रीट'' का आयोजन किया जा रहा है.**

इस आयोजन में जुंबा, योग, पेंटिंग, पेपर कप हिट एंड थ्रो, रस्साकशी, लेमन रेस और म्यूजिकल चेयर जैसी कई पारंपरिक मनोरंजक गतिविधियां होंगी. आयोजन सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए किया जा रहा है. जिसमें मनोरंजन, खेल, और स्वास्थ्यवर्धक गतिविधियों का भरपूर आनंद मिलेगा. हैप्पी स्ट्रीट का उद्देश्य शहरवासियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और सामुदायिक एकजुटता को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करना है. यह आयोजन मनोरंजन का साधन होगा.